अगले साल से नहीं होगी राज्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। उत्तर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा अब नहीं होगी। जेईई मेन के ज़रिये ही छात्र-छात्राओं को दाखिले दिए जाएंगे। एकेटीयू द्वारा एमआईईटी में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ के प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर विनीत कंसल ने यह जानकारी दी।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के प्रो वाइस चांसलर ने दी जानकारी

उन्होंने कहा कि जेईई मेन परीक्षा 2021 का पहला सत्र 23 फरवरी से 26 फरवरी 2021 के बीच होगा। इस बार जेईई मेन 2021 का आयोजन साल में चार बार किया जाएगा। फरवरी के बाद दूसरा सत्र 15 मार्च से 18 मार्च, तीसरा 27 अप्रैल से 30 अप्रैल और चौथा 24 मई से 28 मई में होगा। एकेटीयू लखनऊ से संबद्ध संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम बीटेकए एमटेकए एमटेक इंटीग्रेटेड में प्रवेश के लिए जेईई मुख्य प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवेदन करना है। कंसल ने बताया कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि अलग-अलग समय पर होने वाली विभिन्न राज्यों की बोर्ड परीक्षाएं जेईई मेन परीक्षा के आयोजन में बाधा न बनें। यह विश्व की सबसे बड़ी परीक्षा होगी।

एमआईईटी के निदेशक डॉ. मयंक गर्ग ने कहा की अगले शैक्षणिक सत्र 2021-22 में एकेटीयू के इंजीनियरिंग कोर्सेस में एडमिशन लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को अब यूपीएसईई की जगह जेईई मेन देना होगा। यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में जेईई मेन की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी, ताकि स्टूडेंट्स इस परीक्षा के पैटर्न से अवगत हो सकें।

अब जेईई मेंस के जरिये होगा प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश

प्रयागराज़। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी, विश्वविद्यालय (एकेटीयू) 2021-22 शैक्षिक सत्र में प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए अलग से प्रवेश परीक्षा नहीं कराएगा। अब प्रदेश के राजकीय, अशासकीय एवं निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश राष्ट्रीय स्तर पर इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एनटीए की ओर से आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेंस के जरिये ही होगा। शासन के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक आएएन विश्वकर्मा की ओर से जनपद के सभी प्रधानाचार्यों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वह बारहवीं विज्ञान वर्ग के छात्रों को इस बारे में जानकारी दे दें। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से कहा गया है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य बारहवीं के बच्चों को बता दें कि जेईई मेंस 2021 के लिए आवेदन की तिथि 16 जनवरी तय है। एकेटीयू से जुड़े कॉलेजों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं एनटीए की वेबसाइट www.nta.ac.in पर जाकर जेईई मेंस के लिए आवेदन कर दें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 12 वीं विज्ञान वर्ग के अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों से भी कहा है कि वह अपने बच्चों को इस बारे में जानकारी दे दें, जिससे वह उत्तर प्रदेश के राजकीय, अशासकीय एवं निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए 16 जनवरी 2021 तक आवेदन कर सकें।